Marketing / Public Relations Deptt., 16th Floor, Chandermukhi,
Nariman Point, Mumbai – 400 021

CO:Mktg /PR.2020-21:PRESS:31 01stMarch.2021

The Commerce/Banking Editor,
MUMBAI.

Dear Sir/Madam,
We are appending here-below a **Press Release** with a request to publish and give us a good coverage in your esteemed daily and oblige.

With Warm Regards,

S H Ayubi — DGM/Chief Marketing Officer

R L Nayak — AGM-PR/CCD

प्रेस विज्ञप्ति

मटम वेंकट राव ने सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में कार्यग्रहण किया.

श्री मटम वेंकट राव ने दिनांक 1 मार्च, 2021 से सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया है. वर्तमान पदभार से पूर्व श्री राव, तीन वर्ष से भी अधिक समय तक केनरा बैंक में कार्यपालक निदेशक थे, जहां इन्होंने बैंक की प्रगति तथा सिंडिकेट बैंक के केनरा बैंक में विलय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

श्री मटम वेंकट राव, आंध्र प्रदेश के श्री वेंकटेश्वरा कृषि महाविद्यालय, तिरुपति से कृषि स्नातकोत्तर है. वे भारतीय बैंकिंग संस्थान के सर्टिफाइड एसोशिएट हैं.

बृहत कार्यानुभव वाले अनुभवी बैंकर ने 1988 में इलाहाबाद बैंक में कृषि क्षेत्र अधिकारी के रूप में कार्यग्रहण किया था और विभिन्न पदों पर देश के अनेक भौगोलिक क्षेत्रों में कार्य किया था. इलाहाबाद बैंक के महाप्रबंधक के रूप में वे बैंक के महत्वपूर्ण विभाग जैसे, होलसेल एवं रिटेल बैंकिंग के प्रमुख रहे थे.

इन्होंने इलाहाबाद बैंक में आस्ति केन्द्रित बैंकिंग को फोकस में लाने के लिए ट्रान्सफोर्मेटिव प्रोजेक्ट को प्रारम्भ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी.